सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 596 वर्ष 44 राँची, सितम्बर, 2023



# सीसीएल ने किया राँची हवाई अड्डे पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण




समारोह में उपस्थित झारखंड विधानसभा अध्यक्ष श्री रवीन्द्र नाथ महतो, माननीय संसद सदस्यगण श्री संजय सेठ, श्री आदित्य साहू, सुश्री महुआ माजी, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पी.एम. प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी, डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तक./सं.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री पंकज कुमार, एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारीगण एवं अन्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सौजन्य से विगत 8 सितंबर, 2023 को बिरसा मुंडा विमानपत्तन, राँची पर भगवान बिरसा मुंडा की एक प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष श्री रवीन्द्र नाथ महतो, माननीय राज्यसभा सदस्यगण श्री संजय सेठ, श्री आदित्य साहू, सुश्री महुआ माजी, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पी.एम. प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी, डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तक./सं.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित अन्य कई गणमान्य उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा, भारत के महान लोकनायकों में से एक थे। स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भगवान बिरसा मुंडा हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। आदिवासी अधिकारों और सामाजिक न्याय के संघर्ष में उनके योगदान ने भारत के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी है। राँची हवाई अड्डे पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण करना, सीसीएल की तरफ से उनकी विरासत को एक विनम्र श्रद्धांजलि है।

अवसर विशेष पर कोल इंडिया अध्यक्ष, श्री पीएम प्रसाद ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण क्षण है और यह उनकी महानता को याद दिलाने का एक सौभाग्यपूर्ण अवसर है। यह प्रतिमा झारखंड के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में मार्गदर्शन करते हैं।

ज्ञात हो कि भारत की अग्रणी कोयला खनन कंपनी सीसीएल, पर्यावरण और सामाजिक उत्थान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए झारखंड और राष्ट्र की समृद्धि में योगदान हेतु प्रतिबद्ध है। कंपनी प्रेरक व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन करती है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया के अधिकारीगण का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मूर्तिकार श्री शिवम कुमार को सम्मानित किया गया।

# तीन दिवसीय कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2023 का आयोजन




कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2023 में उपस्थित मुख्य अतिथि निदेशक (पी/आईआर), सीआईएल श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य गणमान्य

सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर, दरभंगा हाउस, राँची में "एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली – तकनीकी नवाचार" विषय पर आधारित तीन दिवसीय कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस (8–10 सितंबर 2023) का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कॉन्फ्रेंस में करीब 200 डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद ने किया।

इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. एन. के. पाण्डेय सहित देश के प्रसिद्ध विषेशज्ञ चिकित्स्कों ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। सीसीएल सहित कोल इंडिया के अन्य सहायक कंपनियों के डॉक्टरों ने चार अलग–अलग वैज्ञानिक सत्रों यथा – फ्री पेपर सत्र, चेयरमैन अवार्ड सत्र, केस प्रेजेंटेशन सत्र और डीएनबी सत्रों के माध्यम से अपने पेपर प्रस्तुत किये।

इस कांफ्रेंस का समापन 10 सितम्बर को हुआ जिसमें कोल इंडिया के निदेशक (पी/आईआर) श्री विनय रंजन मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम की सफलता पर सीसीएल को बधाई एवं शुभकामना दी। इस विशेष अवसर पर निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री मिश्र ने कार्यक्रम के सफल होने के साथ–साथ कार्यक्रम के माध्यम से होने वाले नॉलेज शेयरिंग के विषय में अपना विचार प्रकट किया और आगे भी इस तरह के आयोजन के लिए सभी डॉक्टरों को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के दौरान माननीय अतिथिगण ने विभिन्न श्रेणी में विजेता चिकित्सकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

विजयी चिकित्सकों का श्रेणीवार नाम निम्नलिखित हैं –

डीएनबी सत्र : प्रथम – डॉ. नरेश कोलिपक्का, डीएनबी रेसिडेंट, सीसीएल, द्वितीय – डॉ. अनुश्री डीके, डीएनबी रेसिडेंट, सीसीएल

चेयरमैन अवार्ड सत्र : प्रथम – डॉ. नीता प्रकाश, एमएस, एमसीएल, द्वितीय – डॉ. कन्दुकुरी चौ., डिप्टी एमएस, डब्ल्यूसीएल, डॉ. के. सी. सूर्यनारायण, डिप्टी एमएस, डब्ल्यूसीएल, तृतीय – डॉ. अरिंदम बनर्जी, एमएस, ईसीएल

फ्री पेपर सत्र : प्रथम – डॉ. जीतेन्द्र कुमार, एमएस, सीसीएल, द्वितीय – डॉ. अंशुल कुमार, एमएस, बीसीसीएल, डॉ. संजय कुमार केडिया, सीएमओ, सीसीएल, तृतीय – डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, सीनियर एमओ, बीसीसीएल, सांत्वना पुरस्कार – डॉ. सत्राजीत रॉय, एमएस, ईसीएल

केस प्रेजेंटेशन सत्र : प्रथम – डॉ. महेंद्र कुमार साहू, सीनियर एमओ, एमसीएल, द्वितीय – डॉ. सोनम जैन, एमएस, डब्ल्यूसीएल, डॉ. अनीता कुमारी, एमएस, सीसीएल, तृतीय – डॉ. सुमन पाल, एमएस, एसईसीएल, सांत्वना पुरस्कार – डॉ. खुसबू सावन, एमएस, सीसीएल

डॉ. उत्पला चक्रबर्ती, सीएमएस एवं विभागाध्यक्ष (नेत्र) ने धन्यवाद ज्ञापन की।

# सीसीएल को बेस्ट डिस्प्ले के लिए किया गया पुरस्कृत




गोवा के मुख्यमंत्री से पुरस्कार ग्रहण करते विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) श्री आलोक कुमार

द्वितीय डेस्टिनेशन मेगा एग्जीविशन में सीसीएल के स्टॉल को बेस्ट डिस्पले अवार्ड से सम्मानित किया गया। समापन समारोह के दौरान यह पुरस्कार विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) श्री आलोक कुमार ने दिनांक 16 सितम्बर 2023 को गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत के हाथों ग्रहण किया। गोवा में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में देश के विभिन्न सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों ने भाग लिया था जिसमें कम्पनी द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन के सम्मुख प्रस्तुत करना था। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री श्री श्रीपद नायक, राज्यसभा सांसद श्री सदानंद तनवड़े तथा पूर्व राज्यसभा सदस्य श्री विजय तेंदुलकर ने किया था। ज्ञात हो कि सीसीएल द्वारा कम्पनी की खनन गतिविधियों, सीएसआर योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण प्रयासों तथा सुरक्षा गतिविधियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया था जिसे निर्णायक मंडल द्वारा "बेस्ट डिस्प्ले" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन



दीप प्रज्ज्वलित कर राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि श्री कमल कुमार बोस, निदे. (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार एवं अन्य

गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के कुशल नेतृत्व में राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 14 सितम्बर, 2023 से 29 सितम्बर, 2023 तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया।

इस दौरान सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएँ तथा कार्यक्रम आयोजित की गईं जिनमें हिन्दी भाषी तथा हिंदीत्तर भाषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए लघु निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण–आलेखन प्रतियोगिता, राजभाषा ज्ञान–सह–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता, एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला प्रमुख थे।

दिनांक 29 सितंबर 2023 को राजभाषा पखवाड़ा समापन–सह –पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष

अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्रख्यात शिक्षाविद, रंगकर्मी एवं संेंट जेवियर्स के प्रोफेसर श्री कमल कुमार बोस उपस्थित थे। अवसर विशेष पर निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। श्री कमल कुमार बोस को सीसीएल के प्रतिष्ठित पुरस्कार "सीसीएल राजभाषा भास्कर सम्मान 2023" से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कमल कुमार बोस ने अपने संबोधन में कहा कि आज हिंदी के जागरण का दिवस है, साथ ही संकल्प का भी दिवस है । आज हिन्दी अपनी विशेषता से विश्व भर में तेजी से लोकप्रिय होती जा रही है।

निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्षनाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा तथा सीवीओ श्री पंकज कुमार ने समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए हिंदी के तकनीकी उपयोग पर प्रकाश डाला और कार्यालयीन व्यवहार में हिंदी का प्रयोग कर इसका प्रसार सुनिश्चित करने हेतु सभी को प्रेरित किया। साथ ही शब्दकोशीय भाषा की जगह सहज – सरल भाषा के उपयोग पर बल दिया।

राजभाषा पुरस्कारों के अंतर्गत कार्यालय संबंधी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए किए गए विशेष प्रयासों के लिए कर्मियों, क्षेत्रों और विभागों को पुरस्कृत किया गया। इसके अंतर्गत बोकारो एवं करगली क्षेत्र को प्रथम, कुज्जु क्षेत्र को द्वितीय और ढोरी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यालय के विभागों को दो श्रेणियों– तकनीकी और गैर तकनीकी श्रेणी में राजभाषा सम्मान प्रदान किया गया । इसके अंतर्गत विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। गैर तकनीकी श्रेणी में सुरक्षा विभाग को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत वक्तव्य विभागाध्यक्ष (राजभाषा) श्री संजय कुमार द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती निशा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री दिविक दिवेश ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजभाषा विभाग एवं अन्य विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# निःशुल्क एनीमिया जाँच शिविर का आयोजन

विगत 01 सितम्बर को राँची के नवा टोली बस्ती में जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा एनीमिया (खून की कमी) जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 107 ग्रामीण ों का निःशुल्क जाँच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में इसके अतिरिक्त हिमोग्लोबिन, ब्लड सुगर, हाईपरटेंशन का निःशुल्क जांच की गयी।



राँची के नवा टोली बस्ती में जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा आयोजित एनीमिया जाँच शिविर की एक दृश्य

इस शिविर में एनीमिया के 22, उच्च रक्तचाप के 37, मधुमेह के 12 मरीजों का इलाज व दवा वितरण किया गया और बाकी सभी जो अन्य बीमारियों से ग्रसित थे उनका भी इलाज किया गया।

सीसीएल अपने कर्मियों के साथ–साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए नियमित रूप से इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता है जिसमें आवश्यकतानुसार निरूशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जाता है।

नवा टोली निवासियों ने सीसीएल की इस पहल की सराहना की एवं इस शिविर के सफल आयोजन के लिए सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया।

# सीएमडी, सीसीएल का गिरिडीह क्षेत्र का दौरा

सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने दिनांक 14 सितंबर को गिरिडीह क्षेत्र का दौरा किया। वहाँ उन्होंने कबरीबाद ओसीपी, सेन्ट्रल पीट साइ. डिंग, सेन्ट्रल पीट, कोक प्लांट, सोलर प्लांट एवं प्लांटेशन स्थल सहित गिरिडीह ओसीपी का निरीक्षण किया। उन्होंने और बेहतर प्रदर्शन के लिए कर्मियों को प्रोत्साहित किया एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।



गिरिडीह क्षेत्र का निरीक्षण करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी

# कर्मियों ने "स्वच्छता ही सेवा" और "मेरी माटी मेरा देश" अभियान में बढ़–चढ़ कर लिया हिस्सा

सितंबर माह में मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों ने "स्वच्छता ही सेवा" अभियान में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान सफाई हेतु विभिन्न स्थलों को चिन्हित किया गया। कर्मियों ने विभिन्न जगहों पर सफाई के लिए श्रमदान किया।

"मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अन्तर्गत सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा निकाला गया। सीसीएल कर्मियों ने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में जाकर हर घर से मिट्टी एकत्रित कर जिला मुख्यालय को सौंपा गया।




सीसीएल में "मेरी माटी मेरा देश" अभियान की झलकियाँ

# भगवान बिरसा जैविक उद्यान में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित




भगवान बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी में साफ–सफाई कार्यक्रम में हिस्सा लेते सीसीएल कर्मी

सीसीएल द्वारा विगत 30 सितंबर को भगवान बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत सीएसआर विभाग द्वारा सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बिरसा जैविक उद्यान के अंदर जमा कचरा को साफ किया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में सीसीएल कर्मियों द्वारा श्रमदान किया गया।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई




सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हो रहे 5 कर्मी – सर्वश्री डॉ. उत्पला चक्रवर्ती, सीएमएस, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, श्रीमती शुभ्रा मुखर्जी, ओएस ग्रेड–I, अमरेंद्र मणि त्रिपाठी, डेंटल टेक्निसियन–I, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, श्रीमती यशोधरा देवी, वरीय आया एवं श्रीमती द्रौपदी देवी, सफाईकर्मी को आज सीसीएल परिवार की ओर से एक "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साइराम तथा सीवीओ श्री पंकज कुमार उपस्थित थे। सितम्बर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 96 कर्मी सेवानिवृत्त हुए ।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने कंपनी की उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कंपनी की सफलता में सभी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी मेहनत, लगन और कत्वर्यनिष्ठा से कंपनी दिनानुदिन उन्नयन के मार्ग पर अग्रसर है। श्री मिश्र ने कर्मियों को आनंदचित्त रहने का परामर्श देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

निदेशक (तक./यो. एवं परि.), श्री बी. साईराम ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा आप सभी आज एक सफर को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरे सफर की शुरुआत कर रहे हैं। कंपनी को नई ऊँचाई देने में आप सब का सार्थक प्रयास अनुकरणीय है। श्री साईराम ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ दी।

मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री पंकज कुमार ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के योगदानों की सराहना करते हुये कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को सामाजिक एवं अच्छे कार्यों में व्यस्त रखें।

सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

